>

Title: Need to convert meter gauge railway line between Mavli and Marwar railway junctions in Rajasthan to broadgauge.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद में मावली से मारवाड़ जंक्शन के बीच वर्तमान समय में मीटरगेज की लाईन डाली हुई है। वर्तमान समय में जब देश भर में यूनिगेज नीति के अनुसार सारे देश में ब्रॉडगेज बनानी है लेकिन मावली-मारवाड़ जंक्शन के बीच की लाईन को ब्रॉडगेज में परिवर्तन के आदेश नहीं हुए हैं। इस लाईन के बनने से सामरिक दृष्टि से दक्षिणी राजस्थान को जोधपुर और बीकानेर शहर से जोड़ा जा सकेगा। इस लाईन पर विश्व प्रसिद्ध मन्दिर श्रीनाथ जी नाथद्वार और अनेक ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थल हैं जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इस क्षेत्र में मार्बल भी प्रचुर मात्रा में मिलता है जिसकी ढुलाई भी आसानी से हो सकेगी।